हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, सोमवार 30 जून 2025

तापमान
अधिकतम 25.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

13 गायत्री परिवार ने संस्कार परंपरा को बनाया जीवंत : नेहरू

14 कलेक्टर ने सती नदी का किया निरीक्षण










## खबर संक्षेप

### देवी-देवताओं के मस्तक में खून का तिलक लगाने वाले आरोपी गिरफ्तार

**राजिम।** राजिम थाना क्षेत्र के देवरी-जेंजरा मुख्य सड़क मार्ग पर, बस्ती के बाहर नाला के पास स्थित एक हनुमान मंदिर में एक अजीबोगरीब घटना सामने आई है। इस मंदिर का निर्माण ग्राम जेंजरा और देवरी के ग्रामीणों ने मिलकर किया है, जिसमें शिवलिंग, हनुमान जी और मां दुर्गा की प्रतिमाएं स्थापित हैं। दो दिन पहले, देवरी के रहने वाले लीलाराम शेष पेज 12 पर



**समस्या :** बारिश के पानी का रिसाव करने के कारण करंट लगने के साथ गंभीर दुर्घटना की अंदेशा

# जर्जर मकानों में निवास करने को मजबूर हैं कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मैनपुर

गरियाबंद जिले के तहसील मुख्यालय मैनपुर में अधिकारी-कर्मचारियों के लिए बने अधिकांश सरकारी आवास बेहद जर्जर होकर खंडहर में तब्दील हो रहे हैं। इन भवनों में निवास करने वाले लोग जान जोखिम में डालकर रहने को मजबूर हैं। जीर्ण-शीर्ण हो चुके इन आवासों में हमेशा दुर्घटनाओं का अंदेशा बना रहता है, लेकिन संबंधित विभाग इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है, जिससे अधिकारी और कर्मचारी परिवार बेहद परेशान हैं।

- 35 वर्ष पूर्व निर्माण किए गए शिक्षक कालोनी के जर्जर सरकारी आवासों का 20 वर्षों से नहीं हुई मरम्मत

मैनपुर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए तीन दशक पूर्व शिक्षक कॉलोनी में आवासों का निर्माण किया गया था। अब इन सरकारी आवासों की हालत बहुत ही दयनीय और जर्जर हो चुकी है, जिससे बारिश के इन दिनों में गंभीर दुर्घटना घटने का अंदेशा बना रहता है। इन जर्जर मकानों में रहने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार, 35 वर्ष पहले बने इन आवासों की छप्पर और दीवारें टूट-टूट कर गिर रही हैं। जनसमस्या निवारण शिविरों और विभाग के आला अधिकारियों के क्षेत्र दौरे के दौरान भी इन जर्जर आवासों की मरम्मत के लिए लिखित व मौखिक आवेदन कई बार दिए जा चुके हैं, लेकिन मरम्मत के नाम पर अब तक सिर्फ आश्वासन ही मिला है। बताया जाता है कि नगर के शिक्षक कॉलोनी स्थित सभी सरकारी आवास परियोजना और शिक्षा विभाग के अंतर्गत आते हैं। मरम्मत के लिए परियोजना के अधिकारियों से कई बार मांग कर चुके हैं, लेकिन संबंधित विभाग के अधिकारियों ने कभी इस ओर झांकना तक पसंद नहीं किया। जबकि शिक्षक कॉलोनी में कई विभाग के अधिकारी, कर्मचारी और शिक्षक निवास करते आ रहे हैं। यहां निवास करने वाले लोगों ने बताया कि पिछले 10-15 वर्षों में इन जर्जर आवासों का एक बार भी मरम्मत कार्य नहीं करवाया गया है। इन आवासों में निवास करने वाले अधिकारी-कर्मचारी स्वयं ही अपने पैसों से सुधार करवा रहे हैं।




### मरम्मत होगी

मैनपुर प्रभारी एसडीएम तुलसीदास मरकाम ने चर्चा में बताया कि इस मामले की जानकारी संबंधित विभाग को भेजी जाएगी और जिन आवासों की मरम्मत संभव होगी, उनकी मरम्मत करवाई जाएगी।

### वन विभाग और डॉक्टर भी आवास जर्जर



नगर में वन विभाग में रेंजर से लेकर वन अधिकारी-कर्मचारियों के कई आवास बेहद जर्जर हो गए हैं और इन सरकारी आवासों में वे रहने को मजबूर हैं। इस ओर संबंधित विभाग के आला अफसरों द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। यही नहीं, मैनपुर नगर में डॉक्टर और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों के लिए भी आवास की सुविधा नहीं है, जिसके कारण वे बेहद जीर्ण-शीर्ण हो चुके मकानों में निवास कर रहे हैं, जहां हमेशा दीवार और छतों से पानी रिसाव के कारण करंट फैलने का भी डर बना रहता है।

### बारिश में रतजगा और सड़क का पानी

सरकारी भवनों की छतों की स्थिति इतनी खराब है कि बारिश के दिनों में झरने की तरह पानी बहता रहता है और यहां निवास करने वाले लोग चैन से सो नहीं पाते। उन्हें रात-रात भर घर के अंदर से पानी को बाहर फेंकना पड़ता है। इतना ही नहीं, सड़क का पानी भी घरों के अंदर घुस जाता है। कई अधिकारी-कर्मचारी शिक्षक अपने स्वयं के खर्च से बारिश से पहले ही पॉलीथिन खरीदकर घर की छतों के ऊपर ढांकते हैं, लेकिन हल्की हवा के साथ वह फट जाने से स्थिति जस की तस बनी रहती है। सरकारी आवासों के भीतर दीवारों में कई जगह **बड़े-बड़े दरारें, उखड़े प्लास्टर और टूटी-फूटी छतें अपनी मरम्मत का

### असुरक्षित खिड़की दरवाजे और शौचालय

शिक्षक कॉलोनी में वर्षों पुराने सरकारी आवासों की स्थिति जहां बेहद खराब है, वहीं इन आवासों के खिड़की, दरवाजे टूट-फूट गए हैं, जिसके चलते कई घरों में चोरी की घटना भी घट चुकी है। यहां रहने वाले लोग खुद को असुरक्षित महसूस करते हैं। वर्षों पुराने शौचालय होने के कारण बेहद खराब स्थिति में पहुंच गए हैं। और तो और, कुछ मकान इतने जर्जर हो गए शेष पेज 12 पर



## खबर संक्षेप

### बिजली में सिलाई प्रशिक्षण जारी

**छुईहा बेलर।** ग्राम पंचायत बिजली ब्लाक फिंगेश्वर जिला गरियाबंद में स्मृति वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा सिलाई प्रशिक्षण दिया जा रहा है जिसमे 19 बालिकाए एवं महिलाएं प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे थे जिनको आज संस्था की ओर से सिलाई पूरा होने के बाद स्मृति वेलफेयर फाउंडेशन के द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया जिसमे गांव की सरपंच, पदमा निषाद के द्वारा सभी को फाउंडेशन के आजीविका सखी डोर टू डोर सर्वे किए थे जिसमे सरपंच के भरपूर योगदान भी रहा जिनके मार्गदर्शन से गांव में ही प्रशिक्षार्थियों के लिए भवन का उपलब्ध कराया गया ताकी संस्था का उद्देश्य प्रत्येक ग्रामीण अंचल के लोगो को प्रशिक्षित करना और महिलाओं को आत्म निर्भर बनाने के लिए स्वरोजगार से जोड़ना स्मृति वेलफेयर फाउंडेशन के अध्यक्ष स्मृति टंडन ने बताया ग्रामीण क्षेत्रों के बालिकाओं महिलाओ को कुछ सीखने का कुछ करने का इच्छा रहता है लेकीन उनको अवसर नही मिलता इसलिए हम उनको अवसर देने का प्रयास कर रहे है। प्रशिक्षण ले रहे प्रशिक्षार्थियों ने बताया की हमारे गांव में ही हमको सीखने का अवसर मिल रहा है कही दूर जाने की जरूरत नहीं है जिसके लिए संस्था का आभार व्यक्त करते हैं।जिसमे निशा सेन, दीपा साहू, प्रेम पटेल, गीता साहू, हेमा निषाद, प्रियंका निषाद, कामिनी निषाद, अंशु यादव, दीपिका साहू, केसर निषाद, दुर्गेश्वरी निषाद, किरण सेन, कुलेश्वरी पटेल,सुमित्रा पटेल देव ज्ञानी पटेल, उमा निषाद, विमला देवी, रामेश्वरी पटेल, परमेश्वरी यादव, सहित कुल 19 लोगों ने गांव में प्रशिक्षण प्रदान किया।

### महिला से गाली गलौज

**महासमुंद।** वार्ड क्र. 15 पिथौरा की एक महिला के साथ गाली गलौज किए जाने की घटना में आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थिया अनुसुईया पांडेय ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि 28 जून की सुबह 10 बजे वह अपने घर में थी, उसी समय पड़ोसी श्रद्धा पांडेय एवं उसकी बेटी रितिका उसके साथ घर खाली करो कहकर गाली गलौज करने लगी, जब उन्हें मना किया तो जान से मारने की धमकी देते हुए स्वीपर कालोनी निवासी पिथौरा के सोनू को बुलाया। इसके बाद आरोपी सोनू ने भी गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी।

### घर में घुसकर मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम पतेरापाली के एक व्यक्ति के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस को बागबाहरा पुलिस को यशवंत कुमार ओगरे ने बताया कि 27 जून की रात करीब 10 बजे माधव पांडे, सनीस पांडे एवं दीवान बघेल ने उसके घर में घुसकर हाथ मुक्का एवं धारदार हथियार में मारपीट किया।

पेज 11 के शेष...

### देवी-देवताओं के ...

साहू (42 वर्ष) नामक व्यक्ति ने कथित तौर पर अपने अंगूठे से खून निकालकर देवी-देवताओं की प्रतिमाओं के मस्तक पर लगा दिया। जब ग्रामीण पूजा और दर्शन के लिए मंदिर पहुंचे, तो वे खून के छींटे देखकर सख्ते में आ गए। यह खबर धीरे-धीरे दोनों गांवों में फैल गई, और देखते ही देखते ग्रामीणों की भीड़ मंदिर में उमड़ पड़ी। मामला राजिम थाने तक पहुंचा। टीआई अमृतलाल साहू ने बताया कि इस मामले में लीलाराम साहू और उसके साथ कांता साहू को थाने लाया गया है और उनसे पूछताछ जारी है। टीआई ने आशंका व्यक्त की है कि अंधविश्वास के चलते आरोपी ने यह हरकत की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है ताकि घटना के पीछे की सही वजह का पता चल सके।

### जर्जर मकानों...

हैं कि इसके मलबे, खपरैल और लकड़ियां गायब होने लगी हैं, लेकिन इस ओर ध्यान देने वाला कोई नहीं है। **हाउसिंग बोर्ड की तर्ज पर नए आवासों की जरूरत-** मैनपुर से 2 किलोमीटर दूर ग्राम छुईया में 4 वर्ष पहले हाउसिंग बोर्ड द्वारा करोड़ों रुपये की लागत से आलीशान भवन बनाए गए हैं। कुछ अधिकारी-कर्मचारी इन आवासों में निवास कर रहे हैं। यहां हाउसिंग बोर्ड की तर्ज पर अन्य अधिकारी-कर्मचारियों के लिए भी सरकारी आवासों का निर्माण किया जाना बेहद जरूरी है।

---

**आयोजन : संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का हुआ आयोजन**

# शिक्षा सफलता की कुंजी है : रूपसिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाटसिवनी (पिपरहट्टा)

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, ग्राम पाटसिवनी में सत्र 2025-26 के लिए संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को शिक्षा से जोड़ना और समाज में शिक्षा के महत्व को रेखांकित करना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर भेषमती रूपसिंह साहू (जनपद सदस्य, छुरा) उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता चम्पेश्वर ध्रुव (सरपंच, ग्राम पंचायत पाटसिवनी) ने की। विशिष्ट अतिथियों में बहुर सिंह दीवान (सरपंच, ग्राम पंचायत जामली), पुसउ राम ध्रुव (सरपंच, ग्राम पंचायत अमलोर), रुपिंदर कौर जाट (उपसरपंच, ग्राम पंचायत पाटसिवनी), शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष सुरेश निर्मलकर, दिलीप साहू , देवनारायण साहू , और ज्योति साहू जी शामिल थे। इस पूरे कार्यक्रम का सफल संचालन अजित सिंह जाट (सहायक संचालक, शिक्षा विभाग रायपुर) के विशेष सानिध्य और मार्गदर्शन में हुआ। भेषमती रूपसिंह साहू जी ने कहा कि शिक्षा सफलता की कुंजी है, जिससे मानव का सर्वांगीण विकास होता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि शिक्षा से ही बच्चों को शिक्षित और संस्कारवान बनाकर एक मजबूत लोकतंत्र और समाज का निर्माण किया जा सकता है. उन्होंने यह भी कहा कि बच्चे भविष्य के नागरिक हैं, इसलिए पढ़ने योग्य हर बच्चे को स्कूल भेजना हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है।

सरपंच चम्पेश्वर ध्रुव ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षा के बिना मानव जीवन का कोई अस्तित्व नहीं है. उन्होंने अपने ग्राम पाटसिवनी में निःशुल्क कोचिंग सेंटर खोलने की बात भी कही। सरपंच बहुर सिंह ने बच्चों को स्कूल में पढ़ाए गए विषयों का घर पर पुनः अभ्यास करने की सलाह दी, जिससे बच्चे तेजी से सीख सकें। अजित सिंह जाट ने शाला के संचालन, प्रबंधन और शिक्षा के स्तर को सुधारने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सभी शिक्षकों को नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने और अध्यापन कार्य को शीघ्रता से शुरू कर समय सीमा में पूर्ण करने का निर्देश दिया।



### कुंडेल स्कूल में प्रवेशोत्सव और पौधरोपण का हुआ आयोजन

छुईहा बेलर। शासकीय प्राथमिक शाला कुंडेल में 28 जून को शाला प्रवेशोत्सव और पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शाला प्रबंधन एवं विकास समिति, प्रधानपाठक और शाला परिवार ने मिलकर नवप्रवेशी बच्चों का उत्साहपूर्वक स्वागत किया। नवप्रवेशी बच्चों का फूलमाला और तिलक लगाकर स्वागत किया गया और उन्हें मुंह मीठा कराया गया। साथ ही, उन्हें गणवेश और पाठ्यपुस्तकें वितरित की गईं। नवोदय और एकलव्य विद्यालय में चयनित विद्यार्थियों को संकुल समन्वयक गिरिवर यादव ने पेन और पानी की बोतल देकर सम्मानित किया। विद्यालय के सभी शिक्षकों को शाला प्रबंधन एवं विकास समिति की ओर से डायरी और पेन देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में नंदू यादव (सभापति, जनपद पंचायत फिंगेश्वर) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत कुंडेल के सरपंच गज्जू सिन्हा ने की। विशिष्ट अतिथियों में उपसरपंच कुश बाई तुलसी पुरेना, कृषि विस्तार अधिकारी केआर वर्मा, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति की अध्यक्ष पुष्पा अरुण कंवर और उपाध्यक्ष कामता सिन्हा, शिक्षाविद रमेश कुमार सिन्हा, प्रधानपाठक सरिता गायकवाड़, शिक्षक आशाराम रजक, नरेंद्र कंवर, संतोष वर्मा, पंच शाम बाई दीवान, मधु दीवान, संगीता निषाद, संजू खान, यादराम सिन्हा, चेतन सिन्हा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम के उपरांत, पुष्पा कंवर और रमेश कुमार सिन्हा की ओर से सभी विद्यार्थियों को न्योता भोजकराया गया। इसके बाद, पौधारोपण कर पर्यावरण को संरक्षित करने का संकल्प लिया गया, जो शिक्षा के साथ-साथ पर्यावरण जागरूकता के महत्व को भी दर्शाता है।

## रानीपरतेवा में शाला प्रवेशोत्सव का हुआ आयोजन

**मुड़ागांव (कोरासी)।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रानीपरतेवा में रविवार को हर्षोल्लास के साथ शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिक्षा को नई दिशा देने और बच्चों को विद्यालय से जोड़ने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में ग्रामीण, विद्यार्थी और जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद सदस्य पंकज निर्मलकर थे, जबकि शाला विकास समिति के अध्यक्ष रामप्रसाद शांडिल्य ने अध्यक्षता की। विशिष्ट अतिथियों में ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष सोमन यदू, सांसद प्रतिनिधि रमन नामदेव, पूर्व जनपद सभापति प्रहलाद यदू, ग्राम के वरिष्ठ पटेल साधु राम निषाद और शिक्षा जगत से जुड़े जयराम साहू शामिल रहे। कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य बसंत यदू, शिक्षक साहू, शिक्षक मार्कण्डेय, शिक्षक दीवान, शिक्षक दुबे, शिक्षिका द्विवेदी, शिक्षक गुप्ता सहित शाला विकास समिति के सदस्य, ग्रामवासी, शाला परिवार के सभी शिक्षक, कर्मचारीगण और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

**शिक्षा के महत्व पर जोर और सहयोग की प्रतिबद्धता-** अपने संबोधन में अतिथियों ने विद्यार्थियों को नई शुरुआत के लिए शुभकामनाएँ दीं और शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने ग्राम स्तर पर शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने और शाला विकास के लिए सभी से सहयोग देने की प्रतिबद्धता भी जताई।



**बच्चों का स्वागत और प्रोत्साहन-** कार्यक्रम के अंत में सभी बच्चों का तिलक कर पुष्पवर्षा के साथ स्वागत किया गया और मिठाई वितरण कर उन्हें स्कूल जीवन की नई शुरुआत के लिए प्रोत्साहित किया गया। विद्यालय परिवार ने इस गरिमामयी आयोजन के सफल संचालन के लिए सभी आगंतुकों का आभार प्रकट किया।

## संकुल केंद्र पक्तियां में धूमधाम से मना शाला प्रवेश उत्सव



हरिभूमि न्यूज ⏭ मुड़ागांव(कोरासी)

संकुल केंद्र एवं प्राथमिक माध्यमिक शाला पक्तियां में शाला प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत सरपंच लता भूपेंद्र ध्रुव विशेष अतिथि उदे राम साहू, कमल सिंह, हेम सिंह के द्वारा सर्वप्रथम मां सरस्वती की छायाचित्र पर पूजन अर्चन करके कार्यक्रम का शुरूआत किया गया। बच्चों की द्वारा सामूहिक गुरु वंदना एवं सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया गया। अतिथियों के स्वागत के बाद माध्यमिक शाला प्रधान पाठक श्री गिरवर लाल ध्रुव ने नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं को शुभकामना देते हुए पढ़ाई पर प्रकाश डाला और वार्षिक कार्य योजना अतिथियों के समक्ष रखा। उसके बाद उदे राम साहू ने नैतिक आचरण पर बच्चों को समझाया फिर सरपंच महोदया ने नशे से दूर रहने की बात कही। फिर अंत में कक्षा पहली और कक्षा छठवीं के नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं को गणेश वितरण कर खीर से मुंह मीठा करते हुए सबको आशीर्वाद प्रदान किया। इस कार्यक्रम में पालक सदस्य के रूप में श्रीमती नंदनी साहू, सुनैना ध्रुव, राजदुलारी ध्रुव , प्रधान पाठिका ममता ध्रुव, शिक्षक कन्हैया मंडल, धामेश्वर साहू, गुरुदेव भास्कर स्वीपर उमेश ध्रुव , भागीरथी रसोईया देवकी, पूर्णिमा, सोनी गांव के नागरिक गण सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक श्री जागेश्वर राम ध्रुव के द्वारा किया गया।

---

## ज्वेलरी दुकान से चेन चुराने वाला शातिर चोर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

सप्ताह भर पहले राजिम के मेन रोड स्थित ओम ज्वेलरी दुकान से चेन खरीदने के बहाने पहुंच कर चेन उड़ाने वाले चोर को पकड़ने में राजिम पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। इस चोर की कहानी बेहद दिलचस्प है। टीआई अमृत लाल साहू ने बताया कि खपरीडीह, सरायपाली का रहने वाला हितेश ओगरे (19 वर्ष) जुआ खेलने का आदी है। जुए में वह काफी पैसा हार गया, जिसके बाद उसका दिमाग अपराध की दुनिया में आने को हुआ। हितेश सीधे अपने गांव से सप्ताह भर पहले, पिछले शनिवार को रायपुर आया। रायपुर से वह अभनपुर पहुंचा, जहां उसने एक बाइक चोरी की। उसी चोरी की बाइक से घूमते-घूमते वह राजिम पहुंच गया। उसने दिमाग लगाया और ज्वेलरी शॉप में चेन लेने के बहाने पहुंचा। दुकानदार ने उसे चेन दिखाई, जिसे वह 'पसंद नहीं है' कहकर दूसरा दिखाने को कहा। दुकानदार जैसे ही दूसरा चेन दिखाने के लिए मुड़ा, हितेश ने पहले



दिखाए गए चेन को उठाया, अपनी मोटरसाइकिल स्टार्ट की और फरार हो गया। चोर की यह करतूत दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी। दुकानदार कैमरे का फुटेज लेकर राजिम थाने पहुंचा और रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने तत्काल अपराध कायम कर इस चोर की पतासाजी शुरू की।

**चेन और चोरी की बाइक बरामद-** अंततः, राजिम पुलिस को फुटेज और अन्य सुरागों के आधार पर चोर को पकड़ने में सफलता मिल ही गई। पुलिस ने चोरी की गई चेन के साथ-साथ उस चोरी की बाइक को भी बरामद कर लिया है। हितेश ओगरे को विभिन्न धाराओं के तहत गिरफ्तार कर लिया गया है।



## राजिम की सड़कों पर लावारिस मवेशियों का डेरा, लोग परेशान

**राजिम।** राजिम के मुख्य मार्ग पर लावारिस मवेशियों की समस्या दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है, जिससे राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दिनभर सड़क पर मवेशियों का जमावड़ा लगा रहता है, जिससे दोपहिया से लेकर चारपहिया और बड़े मालवाहक व यात्री वाहनों को साइड लेने-देने में काफी दिक्कत होती है।

सड़क पर झुंड में बैठे दर्जनों मवेशी टस से मस नहीं होते और पूरी सड़क को घेरकर बैठे रहते हैं। लोगों को यह समझ नहीं आ रहा कि ये मवेशी किसके हैं और इनके मालिक इन्हें अपने घर क्यों नहीं ले जाते। गरियाबंद मार्ग पर साईं मंदिर के सामने से लेकर तालाब, राजिम भक्तिन माता चौक, कौर हॉस्पिटल, दत्तात्रेय मंदिर, गोवर्धन पारा चौक, पं. सुंदरलाल शर्मा चौक, पं. श्यामाचरण शुक्ल चौक और महानदी पुल पर कुल एक हजार से भी ज्यादा मवेशी सड़क को घेरे रहते हैं। इस गंभीर समस्या पर न तो नगर पंचायत ध्यान दे रही है और न ही प्रशासनिक अधिकारी। इन मवेशियों के कारण एक तरफ लोगों को सड़क पर चलने में अत्यधिक परेशानी हो रही है, वहीं दूसरी ओर हर पल दुर्घटना का अंदेशा बना हुआ है। इसके चलते साइड लेने-देने में वाहन चालकों के बीच अक्सर तकरार और लड़ाई भी हो जाती है। रात के अंधेरे में कमजोर लाइट वाले वाहनों को ये मवेशी दिखाई नहीं पड़ते, जिसके कारण दुर्घटनाएं हो जाती हैं। दिन हो या रात, ये मवेशी सड़क पर ही बैठे नजर आते हैं। लोगों को इंतजार है कि आखिर कब इन लावारिस मवेशियों से उन्हें राहत मिलेगी।

## जिले में खनिज माफियाओं पर कसा शिकंजा, 24 घंटे निगरानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण पर प्रभावी नियंत्रण के लिए प्रशासन ने अब पूरी तरह से कमान संभाल ली है। 28 जून को गरियाबंद विधायक रोहित साहू, कलेक्टर बीएस उइके, पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा, डीएफओ, एसडीएम राजिम और खनिज अधिकारी की एक संयुक्त बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में खनिज माफियाओं के खिलाफ निर्णायक और ठोस कार्रवाई के महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। बैठक में यह तय किया गया कि अब राजिम स्थित वनोपज जांच चौकी में 24 घंटे निगरानी रखी जाएगी। इसके लिए एक संयुक्त जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति का गठन किया गया है, जो दिन-रात अवैध खनिज परिवहन पर पैनी नजर रखेगी। साथ ही, रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन के लिए चिन्हित क्षेत्रों पर भी लगातार सतत निगरानी की जाएगी।



### कठोरतम कार्रवाई और कोई ढिलाई नहीं

बैठक में मौजूद सभी अधिकारियों ने इस बात पर सहमति जताई कि खनिजों के अवैध कारोबार को जड़ से खत्म करने के लिए बिना किसी दबाव के नियमों के तहत कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। खनिज अधिकारी ने बताया कि अब तक की गई कार्रवाइयों से माफियाओं में हड़कंप मचा है और आगे भी और प्रभावी कार्रवाई की जाएगी।

विधायक, कलेक्टर और एसपी ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि इस अभियान में कोई ढिलाई नहीं बरती जाएगी। कानून तोड़ने वालों पर आर्थिक जुर्माने के साथ-साथ कानूनी धाराओं के तहत कठोर कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाएगी।

---

**मांझी एवं ग्रामीणों द्वारा किया गया भूमिपूजन**

# डूमाघाट में अब लगेगा साप्ताहिक बाजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

■ रामरतन ने दी 2 एकड़ जमीन

जिले के मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र के ग्राम पंचायत डूमाघाट में लम्बे समय से ग्रामीण सप्ताहिक बाजार लगाना चाह रहे थे लेकिन अब जाकर ग्रामीणों का यह सपना पूरा हुआ ग्राम के वरिष्ठ रामरतन मांझी और उनके बहू जयंती मांझी ने ग्रामीणों की समस्याओं को देखते हुए दो एकड़ अपनी किमती जमीन ग्राम पंचायत को दान कर एक मिसाल कायम किया है। इसी के साथ ही अब यहां सप्ताहिक बाजार लगाने के लिए जमीन उपलब्ध हो जाने के बाद ग्रामीणों में उत्साह देखने को मिल रहा है। मिली जानकारी के अनुसार मैनपुर विकासखण्ड ग्राम पंचायत डुमाघाट में शनिवार बाजार बैठाने के लिए भूमि पूजन किया गया। बाजार भूमि दान दाता समाज सेवक रामरतन मांझी एवं बहू जयंती मांझी गोलमाल के द्वारा दो एकड़ भूमि दान के रूप में ग्राम पंचायत डुमाघाट को प्रदान किए है।



### डुमाघाट में किया गया पौधा रोपण

इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सरपंच यशवंत मरकाम के अध्यक्षता में किया गया। मुख्य अतिथि रामरतन मांझी मति जयंती मांझी विशिष्ट अतिथि नंदो पुजारी गोकुल, झाखर भीकराम नेताम, भोलाराम नेताम पुजारी तुलाराम पुजारी बाजार स्थल राधा कृष्ण बाजार परिसर चार चौक डुमाघाट में पौधा रोपण किया गया। विधि पूर्वक पूजा अर्चना कर भूमि पूजन किया साथ ही शनि मंदिर का भी भूमि पूजन भी किया गया। इस कार्यक्रम में जनपद सदस्य अभिराम मरकाम, जनपद सदस्य चैनऋृसग ध्रुव, नूरतन यादव उपसरपंच कमलू मरकाम, रघु मरकाम, लखीधर पंच येदु राम जगेसर धुर्वा पांचों बाई भुजबल सोरी, डोमार मरकाम, ठाकुर मरकाम, जयऋृसग ध्रुवा, कुष्ट मरकाम, झाजो राम, जीतू, नर्तन यादव, चेतन ध्रुव, भरता यादव, मधुसुधान, गिरधारी ग्राम पंचायत पंच एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## भाजपा मंडल राजिम ने मोदी के मन की बात का 123वां एपिसोड सुना



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

भाजपा मंडल राजिम के बूथ 101 नवाडीह में भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का 123वां एपिसोड सुना। मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात के 123 वाँ संस्करण को राजिम मण्डल क्षेत्र के सभी 50 बूथों में बूथ अध्यक्ष के साथ बूथ समिति सदस्य एवं कार्यकर्ताओं ने सुना इसके लिए शक्ति केंद्र स्तर पर प्रभारी नियुक्त किया गया था। इस कार्यक्रम में भाजपा राजिम मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू,मंडल महामंत्री जितेन्द्र पेंदरिया,वरिष्ठ कार्यकर्ता रामजीवन साहू, झाड़ूराम साहू, शिवकुमार साहू, रेवा साहू, मंडल कार्यकारिणी सदस्य संजीव साहू, शाला विकास समिति अध्यक्ष ईश्वर साहू, मंडल कार्यकारिणी सदस्य भागवत साहू, युवा मोर्चा ज़िला कार्यकारिणी सदस्य लिकेश्वर साहू, हर्ष कुमार साहू सहित वार्डवासी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### पीएम मोदी की मन की बात को बूथ स्तर ने सुना

**छुरा।** बूथ क्र.141 दुल्ला शक्ति केंद्र प्रभारी पूर्व जिला पं. सदस्य केसरी ध्रुव, बूथ अध्यक्ष-गणेश ठाकुर जी,वरिष्ठ कार्यकर्ता-टेकचंद चंद्राकर, उपसरपंच सुरेश शर्मा, नोहर ध्रुव, गुलशन कुमार ध्रुव, छूरा मंडल मंत्री गणेश राम यादव, माया कंवर, किरण विश्वकर्मा, गणेशी बाई ठाकुर एवं कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

### चैतरा में शाला प्रबंधन समिति का गठन

**छुईहा बेलर।** शासकीय प्राथमिक शाला क्षेत्र एवं पूर्व माध्यमिक शाला चैतरा का युक्तियुक्तकरण पश्चात रविवार को पालकों की बैठक आयोजित किया गया। जिसमें शाला प्रबंधन समिति का गठन किया गया। सर्व सम्मति से गिरिजा साहू अध्यक्ष, हीराबाई साहू उपाध्यक्ष, सुघरमल आड़े हरि राम साहू शिक्षाविद चुने गए। पंचायत प्रतिनिधि गणेशिया साहू सरपंच ग्राम पंचायत चैतरा चुनी गई। जागेश्वर राम साहू, प्रदीप कुमार साहू, नरेंद्र साहू, दिनेश्वरी साहू, शंकर देवदास, देवेंद्री साहू, ईश्वरी बंजारे, वंदना बंजारे, संजय कंडरा, शाला प्रबंधन समिति शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय चैतरा के सदस्य चुने गए। आज की बैठक में विनोद कुमार साहू, प्रधान पाठक शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चैतरा, संकुल समन्वयक पुरानिक राम ध्रुव, गीता साहू प्रधान पाठक प्राथमिक शाला, शशिकला भारद्वाज चित्ररेखा रात्रे सहायक शिक्षक गणेशिया साहू सरपंच ग्राम पंचायत चैतरा हरी राम सुघरमल आड़े, जागेश्वर साहू प्रदीप कुमार साहू, दिनेश्वरी साहू देवेंद्री साहू तारिणी साहू गिरजा साहू हीराबाई साहू बिंदु टंडन आदि उपस्थित रहे।

**आयोजन :** लफंदी में गायत्री परिवार ने किया बाल संस्कार पाठशाला का आयोजन

# गायत्री परिवार ने संस्कार परंपरा को बनाया जीवंत : नेहरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

ग्राम लफंदी में गायत्री परिवार द्वारा बच्चों के लिए बाल संस्कार पाठशाला का आयोजन किया गया। मालूम हो कि पिछले 5-7 वर्षों से ऐसा कार्यक्रम आयोजित किया जाता है जिसमें हर वर्ष प्रथम ,द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि नेहरू साहू द्वारा शील्ड प्रदान कर तिलक लगाकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पधारे जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि नेहरू साहू ने कहा कि गायत्री परिवार संस्कार परंपरा को जीवित रखा है। बच्चे डाक्टर, इंजीनियर, वकील तो बन जाएंगे पर संस्कारवान बाल संस्कार शाला से ही बनेंगे। अपने मां के नाम से एक पेड़ जरूर लगाए। यदि पेड़ नहीं लगाएंगे तो एक दिन ऐसा आएगा कि हमें अपने साथ ऑक्सीजन का सिलेण्डर लेकर चलना पड़ेगा। बाल संस्कार शाला में किसी भी प्रकार की सहयोग की आवश्यकता हो उसको पूरा करूंगा। सरपंच प्रतिनिधि बीरसिंग ध्रुव ने कहा यहां आचार्य जी जो सिखाएंगे उसको अपने जीवन में उतारे। हमारे बच्चे देश के भविष्य है। अपने ओर से बच्चो को स्मृति चिन्ह देने की बात कही। संतोष कुमार साहू ट्रस्टी गायत्री शक्तिपीठ राजिम ने कहा संस्कार शाला प्रत्येक रविवार को दो घंटे संचालित होगा। जिसमें जीवन जीने की कला, स्वस्थ रहने की कला, जप ध्यान प्रार्थना योगाभ्यास सिखाया जाएगा। साथ ही अपने सुमधुर स्वर में किसी के काम जो आए उसे इंसान कहते है गीत सुनाए।





### संस्कार शाला, नियमितता से ही संस्कार होंगे विकसित

बाल संस्कार शाला के जिला प्रभारी लेखन साहू ने कहा संस्कार शाला में जो बच्चे नियमित आएंगे वे निश्चित ही संस्कारी होंगे। और इसका प्रभाव घर परिवार स्कूल सभी जगह दिखेगा। पूरन लाल साहू वृक्षारोपण जिला प्रभारी ने कहा हमें अपने जन्मदिन पर एक पेड़ जरूर लगाना चाहिए और बड़े होते तक उसकी सुरक्षा करनी चाहिए। सभी को पेड़ लगाने के लिए संकल्पित करवाए। सबसे पहले सदबुद्धि की देवी मां गायत्री की पूजन अर्चन की गई।साथ ही सभी अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान श्रीफल एवं गुलदस्ता भेंट कर किया गया। जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि नेहरू साहू द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले घनश्याम साहू सुमन साहू दुलेश साहू को अपनी ओर से स्मृति चिन्ह प्रदान किए।आचार्य के रूप मे निःशुल्क सेवा देने वाले टुकेश्वर साहू मुकेश्वर साहू पूजा साहू खुशी साहू प्रियंका साहू शशि साहू का अतिथियों द्वारा श्रीफल एवं गुलदस्ता भेंट कर आचार्यवरण कराया गया। सभी बच्चो के ऊपर अक्षत पुष्प की वर्षा कर उज्जवल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम का संचालन टुकेश्वर साहू द्वारा किया गया।आभार प्रदर्शन बाल संस्कार शाला के ब्लॉक प्रभारी ठाकुर राम साहू द्वारा किया गया।कार्यक्रम को सफल बनाने में नेहरू साहू, सेवाराम साहू, लिखेश्वर मोहित, भुनेश्वर, मंजू, यामिनी, नीतू, योगेश्वरी, हेमेश्वरी टामेश्वरी, चित्रकला साहू, शिक्षक पूरन साहू, तिलक साहू, खेदु साहू, टीकू साहू, मुकेश साहू, मोहित साहू मौजूद थे।

# जौंदी गांव में गरीब दंपति ने बनाया शनिदेव मंदिर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

जौंदी गाँव में ओमप्रकाश साहू नामक एक अत्यंत गरीब व्यक्ति ने अपनी पत्नी मोतीम बाई के साथ मिलकर तालाब किनारे शनिदेव का एक भव्य मंदिर बनाया है। इस मंदिर में विधिविधानपूर्वक शनिदेव की प्रतिमा स्थापित की गई, जिसके लिए महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली और पंडित जी के मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना की गई।

इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य यशवंत साहू ने कहा कि पूरे नवग्रह देवताओं में मुख्य रूप से शनिदेव की ही पूजा की जाती है और लोग उनके प्रकोप से डरते हैं तथा उससे बचने का प्रयास करते हैं. भाजपा नेता टीकम चंद साहू ने



### पेश की अनूठी मिसाल

बताया कि इस मंदिर का निर्माण ओमप्रकाश साहू ने अपनी गरीबी के बावजूद, श्रद्धापूर्वक अपनी पत्नी के साथ मिलकर, अपनी मेहनत-मजदूरी से किया है। उन्होंने कहा कि यह कार्य ग्राम और समाज में एक अद्वितीय मिसाल पेश करता है, जो अनुकरणीय है। उल्लेखनीय है कि ओमप्रकाश साहू, जो राजधानी रायपुर में राजमिस्त्री का काम करते हैं, अपने दैनिक कार्य पर जाने से पहले, अलसुबह पांच बजे से तीन घंटे तक अकेले ही अपनी धर्मपत्नी के साथ मिलकर **तीन माह में इस मंदिर का निर्माण किया। उन्होंने 20-25 गाँवों के बीच इस दुर्लभ मंदिर का निर्माण कर समाज में एक ऐसा उदाहरण दिया है, जिनका स्वयं का घर भी अभी तक नहीं बना है।

मंदिर निर्माता ओमप्रकाश साहू द्वारा अतिथियों को दुपट्टा और श्रीफल से सम्मानित किया गया। ग्रामीणों और श्रद्धालुओं के लिए भोजन प्रसादी की व्यवस्था भी की गई थी। इस अवसर पर लखन साहू, हृदय, लोकेश, चम्मन, तेज नारायण, शेखर सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद थे। यह घटना दिखाती है कि कैसे सच्ची श्रद्धा और दृढ़ संकल्प से असंभव को भी संभव किया जा सकता है।

# जंवईबांधा स्कूल में प्रवेशोत्सव मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला जंवईबांधा में शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर किया गया। कक्षा छठवीं के नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर, मिठाई खिलाकर शाला प्रवेश उत्सव कराया। इस अवसर पर प्रधानपाठक ओमप्रकाश सोनकला द्वारा अपने पिताजी स्व एन.आर.सोनकला की स्मृति में कक्षा आठवी में प्रथम,द्वितीय,तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले क्रमशः जय साहू,धनराज यादव,गौरी, कक्षा सातवीं में प्रथम,द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले क्रमशः प्रतिभा साहू,



टिकेश्वरी तारक, चिनमय साहू व कक्षा छठवी के भगवती,उपासना साहू व जामुनी यादव को स्मृति चिन्ह व कलम देकर सम्मानित किया। सेवानिवृत्त प्रधानपाठक धर्मदास भार्गव द्वारा निर्धन विद्यार्थी ओमकरण,सुषमा व हार्दिक को सभी विषयों के लिए कापी व कलम दिया गया। शाला प्रवेशोत्सव में आए हुए अतिथियो ने बच्चों को अनुशासन में रहकर अच्छे से पढने के लिए प्रेरित किया व प्रत्येक दिन शाला आने के लिए उत्साहित किया। अतिथियों द्वारा बच्चों को गणवेश व पाठ्यपुस्तक का भी वितरण किया गया। इस अवसर पर सरपंच मुकेश साहू,शाला विकास समिति अध्यक्ष राकेश साहू व चन्द्रशेखर साहू, मालिक साहू, डुकेश साहू, कुबेर साहू, द्वारिका यादव ,चेतन साहू ,अंजूलता गिलहरे मौजूद थे।



## खबर संक्षेप



### विधायक साहू से मिले छुरा सरपंच संघ के प्रतिनिधि

**मुड़ागांव(कोरासी)।** शनिवार को सरपंच संघ छुरा के प्रतिनिधि मंडल के द्वारा रोहित साहू विधायक विधानसभा राजिम से सौजन्य मुलाकात विधायक निवास राजिम में जाकर किया जिसमें पन्नालाल ध्रुव अध्यक्ष सरपंच संघ छुरा, दीपक ध्रुव सचिव सरपंच संघ छुरा, अशोक ध्रुव संरक्षक, राधेश्याम कंवर उपाध्यक्ष, जगबाई ध्रुव उपाध्यक्ष, देव कुमार दीवान कोषाध्यक्ष, निराबाई ध्रुव सरपंच पिपरछेडी, गोदावरी दीवान सरपंच मुड़ागांव, माखन दीवान सरपंच कसेकेरा, कमलेश ध्रुव सरपंच गाड़ाघाट, केजाबाई सोम सरपंच अतरमरा, पार्वती कंवर सरपंच घटकर्रा, कौशल्या बाई कंवर सरपंच पोंड आदि उपस्थित थे प्रतिनिधि मंडल को माननीय विधायक महोदय जी ने कहा कि पूरे सरपंच साथियों को विकास कार्य के लिए भटकना नहीं पड़ेगा एवं सभी सरपंचों का पूरा सम्मान किया जाता रहेगा। वहीं सरपंच संघ अध्यक्ष, सचिव, उपाध्यक्ष एवं प्रतिनिधि मंडल ने विधायक को धन्यवाद दिया कि आपने पूरे विधानसभा क्षेत्र में विकास की एक नई कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं इसके लिए हम सभी सरपंच संघ छुरा की ओर से सादर अभिवादन कर रहे हैं।

### सशिमं छुरा की प्रियंका ने 10वीं में किया टॉप

**छुरा।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छुरा में छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल 10वीं बोर्ड वार्षिक परीक्षाफल



2025 घोषणा किया गया जिसमें प्रियंका साहू का 88.33% पुर्नगणना मूल्यांकन के बाद 92.66 % लाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के संचालन समिति के अध्यक्ष विजय गुप्ता, व्यवस्थापक संतोषी यादव, विद्यालय के प्राचार्य संतोष वर्मा, आचार्य टीकम मरकाम, हरीश शर्मा, किरण वर्मा, सेवकराम निषाद, सीताचरण नेताम, अजयकान्त पाण्डेय, होरीलाल साहू, ओम डहरिया, टेकेश्वरी तारक, टोमन ठाकुर, मनोज निर्मलकर, मैनाज बेगम, भारती यदु, सरस्वती सिन्हा, कविता यदु, अल्का सिन्हा, निधिका शाह,राहूल सिन्हा, कुन्ती साहू, खुशबू साहू, हेमलता नाग, डिगेश्वरी एवं अभिभावकों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दिया।

### अरंड में निकाली गई रथयात्रा



**अरंड (पिथौरा)।** ग्राम अरंड में भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा निकाली गई। रथ पर सवार भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा एवं भैया बलभद्र थे। ग्राम अरंड के महाराज खूबचंद दुबे ने हर साल के भांति इस इस साल भी रथयात्रा निकाली। इसमें सरपंच डिगंबर पटेल, उपसरपंच युवराज पटेल, शिवचरण ध्रुव, देवराज सिंह ठाकुर, कार्तिक राम पटेल, कौतुक पटेल, दिनेश दुबे, गंगाधर निर्मलकर, दीनबंधु पटेल, रोहित पटेल, हुसन लाल निर्मलकर, हेम सिंह साहू, कविता पटेल, लीला बाई पटेल, विधि, डिंपल, वेदानस, प्रेम, गोपी पटेल, रमन पटेल, मीरा, ऋषिकेश पटेल, मंजू, ज्योति पटेल आदि का सहयोग रहा।




## समस्या : राजिम में महानदी की स्थिति अत्यंत दयनीय

# महानदी का बुरा हाल, एक तरफ पानी-पानी, दूसरे तरफ है सूखा



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

छत्तीसगढ़ के प्रयागराज के रूप में विख्यात तीर्थराज राजिम में महानदी की स्थिति अत्यंत दयनीय बनी हुई है। पंडित जवाहर लाल नेहरू पुल के निचले हिस्से में पानी की धारा नाममात्र की भी नहीं है, जिससे नदी का स्वरूप पूरी तरह बदल गया है। हैरानी की बात यह है कि बारिश के मौसम की शुरुआत हो चुकी है, फिर भी नदी का यह हाल है। एनीकट के ऊपरी हिस्से में जहां कुछ पानी नजर आ रहा है, वहीं निचले हिस्से में सूखा पड़ा है। अधिकतर लोग अस्थि विसर्जन जैसे क्रियाकर्म के लिए सोनतीर्थ घाट पर आते हैं, लेकिन यहां पानी का घोर अभाव है। यह स्थिति श्रद्धालुओं के लिए बड़ी निराशाजनक है। जब तक शासन-प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं देगा और सफाई अभियान नहीं चलाएगा, तब तक यह स्थिति बनी रहेगी। हालांकि, अभी बारिश का मौसम है, इसलिए बड़े पैमाने पर सफाई करना संभव नहीं है। सभी को इंतजार है कि आने वाली बाढ़ नदी को किस हद तक साफ कर अपने साथ बहा ले जाएगी।

**पवित्रता और पर्यटन पर संकट-** यह सर्वविदित है कि पूरे छत्तीसगढ़ में राजिम का महत्व एक प्रयागराज के रूप में है। लोग यहां बहुत श्रद्धा और आस्था के साथ भगवान श्री राजीव लोचन और कुलेश्वरनाथ महादेव के दर्शन करने आते हैं। इसे पुण्यधरा मानते हुए पवित्र स्नान करते हैं। लेकिन नदी के मौजूदा हालात को देखते हुए इसकी पवित्रता और स्वच्छता बनाए रखने की जिम्मेदारी केवल शासन-प्रशासन की ही नहीं, बल्कि स्थानीय लोगों की भी है। क्योंकि नदी में स्नान के बाद हर श्रद्धालु सबसे पहले भगवान श्री राजीव लोचन के दर्शन करने मंदिर पहुंचते हैं। वैसे भी राजिम को पर्यटन स्थल का दर्जा प्राप्त है। यहां आकर लोग सुखद अनुभूति का अहसास करते हैं। नदी के ये बिगड़े हुए हालात हाल के वर्षों में ही देखने को मिले हैं, जिस पर जिला प्रशासन को गंभीरता से ध्यान देने की आवश्यकता है ताकि राजिम की पहचान और महत्व बरकरार रहे।

# कलेक्टर ने सती नदी का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर



खबर का असर

जिले के दूरस्त वनांचल क्षेत्र में बसा आमदी दर्रीपारा सतीनदी का रविवार को गरियाबंद कलेक्टर बी एस उईके ने निरीक्षण किया और जल्द ही कार्यवाही करने की बात कही है। मिली जानकारी के अनुसार गरियाबंद कलेक्टर आज शिविर में शामिल होने दर्रीपारा पहुंचे थे। इस दौरान ग्राम पंचायत आमदी के सरपंच ने बताया की सतीनदी में पुल निर्माण नहीं होने के कारण रपटा के ऊपर पानी भर जाने से बारिश के दिनों में ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। गरियाबंद कलेक्टर बीएस उईके ने सतीनदी का निरीक्षण कर जल्द ही आवश्यक कार्यवाही करने की बात कही है। ज्ञात हो कि हमारे हरिभूमि अखबार ने 14 जून 2025 को इस खबर को प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया था कि सतीनदी का टूटा रपटा नही बना बारिश में 30 ग्राम फिर बनेगें टापू आज गरियाबंद जिले के कलेक्टर के द्वारा सतीनदी के निरीक्षण करने के बाद ग्रामीणों में उम्मीद जगी है कि जल्द ही कोई ठोस कदम उठाया जायेगा।

ग्राम पंचायत आमदी के सरपंच आत्माराम ने बताया कि आमदी के नजदीक सुखा नदी है और इस विशाल नदी में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना विभाग द्वारा लगभग 10 वर्ष पहले 80 लाख रूपये खर्च कर रपटा का निर्माण किया गया था यह रपटा हर वर्ष बारिश में बह जाता है पिछले दो वर्ष पूर्व आधा रपटा बह जाने के कारण फिर इसमें लाखो रूपये खर्च कर मरम्मत किया गया लेकिन यह मात्र खाना पूर्ति रहा। जगह- जगह रपटा में छड़ सरीया बहार निकल गया है और बारिश के दिनों में इस रपटा के ऊपर पानी चलने के कारण जोबा से लेकर दर्रीपारा आमदी खरता आमागांव सहित धमतरी जिले को जोड़ने वाले 30–35 गांव का सम्पर्क पूरी तरह टूट जाता है स्कूली बच्चों को जान जोखिम में डालकर रपटा के ऊपर बहते पानी को पार करना पड़ता है कई बार लोग इसमें दुर्घटना के शिकार हो चूके है सरपंच आत्माराम ने बताया आज गरियाबंद कलेक्टर श्री बी एस उईके ने सतीनदी रपटा का निरीक्षण किया गया है जिसमें निश्चित रूप से आने वाले समय में कोई ठोस कार्य योजना बनाकर इसमें विशाल पुल निर्माण की दिशा में कार्य किया जायेगा। उन्होने गरियाबंद कलेक्टर से मांग किया है कि इसमें बड़ा पुल का निर्माण किया जाए।

# राजनीति प्रतिद्वंद्वी, भाजपा कांग्रेस के नेता एक मंच पर नजर आए

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर



जिले से एक खूबसूरत तस्वीर निकलकर सामने आई है जिसमें कांग्रेस और भाजपा के तीन बड़े दिग्गज नेता क्षेत्र की समस्याओं को लेकर गंभीर मुद्रा में चर्चा करते दिखाई दे रहे हैं यह तस्वीर सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रही है और लोग अपनी प्रतिक्रिया भी दे रहे हैं, यह तस्वीर मैनपुर में आयोजित ब्लाक स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का है जिसमें बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र भाजपा के पूर्व विधायक डमरूधर पुजारी, भाजपा सरकार की पूर्व संसदीय मंत्री गोवर्धन मांझी एवं कांग्रेस के वर्तमान विधायक जनक ध्रुव तीनो दिग्गज नेता एक मंच में एक साथ बैठकर क्षेत्र की किसी गंभीर समस्या पर आपस में चर्चा करते दिखाई दिए। बता दें कांग्रेस और भाजपा के ये नेता राजनीति पाटएँ के हिसाब से एक दूसरे प्रतिद्वंदी माने जाते हैं वर्ष 2013 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी जनक ध्रुव को भारी मतों से चुनाव में पराजित कर गोवर्धन मांझी छत्तीसगढ़ भाजपा सरकार में संसदीय सचिव बने थे, और डमरूधार पुजारी दो बार विधायक चुने गए, तो पिछले विधानसभा चुनाव 2023 में कांग्रेस प्रत्याशी जनक धुव ने भाजपा के गोवर्धन मांझी को पराजित कर लभभग 15 साल बाद भाजपा की इस बिन्द्रानवागढ़ में कांग्रेस की परचम लहरा के विधायक चुने गए है। भले ही राजनीति के क्षेत्र में भाजपा और कांग्रेस के यह तीनों नेता एक दूसरे के प्रतिद्वंदी माने जाते हैं लेकिन जब क्षेत्र की गंभीर समस्या की बात सामने आई तो तीनों नेता एक साथ बैठकर एक मंच पर लगभग आधे घंटे तक चर्चा करते दिखे और आपस में हंसी ठठोली करते भी रहे इसे देखकर मंच के नीचे बैठे लोगों ने अपनी अपनी प्रतिक्रिया देते दिखाई दिए।

# दृष्टिहीन टिकू ओटी का जीवन संघर्षों से भरा, सरकारी सहायता के लिए लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला

कुदरत के इंसाफ ने सदैव लोगों को लाजवाब किया है। इसका उदाहरण ग्राम पंचायत पड्रीपानी गोंड के आश्रित ग्राम ठेलकादादर में जीवंत है। टिकू ओटी जन्म से दृष्टिहीन है। पर उनकी स्मरण शक्ति के गांववासी और परिवार कायल हैं। मगर अभी तक शासन की नजर इस पर नहीं पड़ी है। दृष्टिहीन टिकू को शासन की सहायता की आवश्यकता है, जिसमें शिक्षा, आवास और सामाजिक सुरक्षा शामिल हो सकती है। शासन को टिकू जैसे व्यक्तियों के लिए विशेष प्रावधान और सहायता प्रदान करनी चाहिए ताकि वे सम्मानजनक जीवन जी सकें। ज्ञात हो कि टिकू पिता सुबरन माता सुमित्रा ओटी 7 वर्ष ग्राम ठेलकादादर का निवासी है। अगले वर्ष कक्षा पहली से पढ़ाई शुरू भी किया गया है इस वर्ष कक्षा दूसरी में क़दम रखेंगे। टिकू के पिता सुबरन ने बताया कि मेरे दो लडकी और दो लड़के हैं सबसे बड़ी लड़की देवकी 8 वी पास हो गई इस वर्ष कक्षा 9 वी में पढ़ने वाले थे मगर टिकू के देखरेख मे आगे की पढ़ाई कराने में हम लोग असमर्थ हैं। क्योंकि हम लोगों का आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है और हम लोग रोजी मजदूरी करने जाते हैं। वहीं दूसरी लड़की ईश्वरी कक्षा 6 वी पढ़ने रसेला में एडमिशन लिया है, पुत्र भगत कक्षा 4 थी में गांव के स्कूल में पढ़ रहे हैं। संघर्षी में घिरी मासूमियत टिकू की जीवनगाथा के बारे कहा कि हम लोग इसके आंखों की रोशनी के लिए इधर-उधर बहुत इलाज किया गया। मगर घर की स्थिति और परिवार चलाने की सारी जिम्मेदारी भी तो है। लेकिन अभी शासन के तरफ से इस दृष्टि हीन बच्चे को कोई भी सहायक प्राप्त नहीं हुआ है।

### नियमित स्वास्थ्य जांच और उपचार की व्यवस्था की जाए



टिकू किसी वस्तु के आकार की समझ नहीं है। रंगों का बोध नहीं है पर उसे समझने की जिज्ञासा मन में होता है। सब अपनी इसी जिज्ञासा के कारण शब्दों को सुनकर उसे बोलने लगता है। पढ़ाई जारी रखने के लिए धन और साधन की जरूरत पड़ेगी, इसके लिए घर वाले सक्षम नहीं है। दृष्टिहीन छात्रों को उनकी पढ़ाई के लिए आवश्यक सहायता जैसे कि रीडर भत्ता, योजना के तहत आर्थिक सहायता दी जानी चाहिए। दृष्टिहीन व्यक्तियों के लिए नियमित स्वास्थ्य जांच और उपचार की व्यवस्था की जानी चाहिए। दृष्टिबाधित लोगों को समाज की मुख्यधारा में शामिल करने के लिए पहल किया जाना चाहिए। ग़रीबी की लाचारी यदि बाधा नहीं बनी तो आगे पढ़ने की ललक टिकू में है। सरकारी सहायता की अपील ग्रामवासी और परिजन ने की है।

# मुस्लिम जमात मैनपुर का चुनाव युवाओं को सौंपी गई जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर



तहसील मुख्यालय मैनपुर मुस्लिम सामुदायिक भवन में गत दिनों मुस्लिम समाज मैनपुर का चुनाव सर्व सम्मति से किया गया। जहां पहली बार मुस्लिम जमात मैनपुर की जिम्मेदारी युवाओं को सौपी गई है जिसमें कमेटी का गठन किया गया है। मस्जिद कमेटी प्रभारी नजीब बेग, मो. जाहीद रजा, हैदर मेमन, आसिफ खान, मो. नदीम रजा, मदरसा कमेटी प्रभारी गुलाम मुस्तफा (गोलू) जब्बीर भाई, अब्दुल रसीद खान, शेख हुसैन, मकसुद अली, कब्रस्तान देख रेख कमेटी सुलतान मेमन, असलम मेमन, कादीर मेमन, अजहर मेमन एवं निर्माण प्रभारी सलाहकार अनीश सोलंकी, हाजी गफ्फार मेमन, हबीब मेमन को चुना गया है। मुस्लिम समाज द्वारा बैठक आयोजित कर सर्व सम्मति से यह कमेटी का गठन किया गया है और इस दौरान बैठक में मुस्लिम समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# मुड़तराई स्कूल में मनाया गया प्रवेश उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोपरा





छत्तीसगढ़ में नए शैक्षणिक सत्र 2024-25 की शुरूआत विगत दिनों होने के बाद स्कूलों में शाला प्रवेश उत्सव मनाया जा रहा है। इसी क्रम में गरियाबंद जिले के विभिन्न स्कूलों में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। कोपरा संकुल अंतर्गत ग्राम मुड़तराई के प्राथमिक शाला व माध्यमिक शाला का संयुक्त रूप से शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। जहां स्कूल में आने वाले विद्यार्थियों का तिलक लगाकर, फूलों की माला पहनाकर और आरती उतारकर स्वागत किया गया। विद्यार्थियों में भी स्कूल आने का खास उत्साह नजर आया। विद्यार्थियों के स्वागत के लिए स्कूलों में पहले से ही तैयारियां शुरू कर दी गई थी तथा शिक्षकों ने नव प्रवेशी बच्चों का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान उन्होंने सभी बच्चों को कॉपी-किताब और पेन दिए। लंबे अंतराल के बाद जब नन्हें-मुन्हे बालक-बालिका स्कूल पहुंचे तो रौनक लौट आई है। स्कूलों में शिक्षक-शिक्षिकाओं तथा शाला विकास समिति के सदस्यों द्वारा टीका लगाकर,स्वागत किया गया। प्रवेशोत्सव में बच्चों के साथ-साथ उनके अभिभावकों ने भी भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से हुलास राम साहू, टेमन यादव, परमेश्वरी वर्मा,शिक्षकगण द्विज राम जांगड़े, रुपेश वर्मा, पूर्णिमा देवांगन, प्रमोद कैवर्त, आशा राम साहू आदि सहित विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

## मालगांव स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव

# शिक्षा ही समाज और व्यक्ति के विकास की असली ताकत : ठाकुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद





विकासखंड गरियाबंद के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मालगांव में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती लालिमा पारस ठाकुर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्रीमती ठाकुर ने कहा की

शिक्षा हमारे जीवन की नींव है, जिससे उज्ज्वल भविष्य का निर्माण होता है। यह ही समाज और व्यक्ति के विकास की असली ताक़त है।उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में शिक्षा को मजबूत बनाने के लिए विद्यार्थियों को भोजन, किताबें, गणवेश और सायकल जैसी सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं, जिससे शिक्षा सुलभ और प्रभावी बन सके। इस अवसर पर नवप्रवेशी विद्यार्थियों का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। उन्हें पुस्तकें, गणवेश और सायकलें वितरित की गईं, जिससे उनमें नया उत्साह और आत्मविश्वास देखने को मिला।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद पंचायत सदस्य भीम निषाद ने की। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि बच्चे ही देश और प्रदेश का भविष्य हैं, उन्हें अच्छी शिक्षा और बेहतर संसाधन देना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है। इस मौके पर लखेंद्र ध्रुव, सरपंच ग्राम पंचायत मालगांव, फारूख चौधरी, प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य विजय कुमार टांक, अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति, नरसिंह निषाद, ग्राम पटेल सालिक राम निषाद, हेमसिंह सिन्हा, उपाध्यक्ष ग्राम समिति, शिवदयाल निषाद, झनक सिन्हा, शुद्धु राम निषाद, हेमलाल निषाद, नाथू राम ध्रुव तथा ग्राम पंचायत मालगांव के समस्त पंच और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।

